जेवर एयरपोर्ट के पास : 1600 हेक्टेयर में विकसित होगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, लखनऊ में लगी मास्टर प्लान पर मुहर

यमुना सिटी | 2 दिन पहले | Mayank Tawer |

Tricity Today | Symbolic Photo

Yamuna City : यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाली मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर शुक्रवार को शासन ने मुहर लगा दी। अब इसका रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार किया जाएगा। इसके बाद टेंडर निकालकर अगले 3 महीने में विकासकर्ता कंपनी का चयन किया जाएगा।

1600 हेक्टेयर में विकसित होगा पार्क

युमना सिटी के दूसरे चरण के मास्टर प्लान में टप्पल में एमएमएलपी विकसित किया जाना है। इसकी डीपीआर को विशेषज्ञ कंपनी ने बनाई है। यह पूरा पार्क 1600 हेक्टेयर में विकसित होगा। मिश्रित भू उपयोग की जमीन पर विकसित होने वाली परियोजना का पहला चरण 200 हेक्टेयर में पूरा होगा। पहले चरण के विकास में 1040 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना की डीपीआर की मंजूरी के लिए शुक्रवार को लखनऊ में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार ने की।

3 महीने में होगा विकासकर्ता कंपनी का चयन

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ.अरुणवीर सिंह भी बैठक में शामिल हुए। इसमें डीपीआर के सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद डीपीआर को मंजूरी दे दी गई। अब विकासकर्ता कंपनी के चयन के लिए आरएफपी और कंसेसन एग्रीमेंट तैयार किया जाएगा।